SHRI C.P. THIRUNAVUKKARASU (Pondicherry): Once George Bernard Shaw said about cricket, "Eleven fools are playing and eleven thousand fools are witnessing." If George Bernard Shaw were alive, he would have said, -- I am not saying this - "Eleven cheats are playing and eleven thousand persons who have been cheated are witnessing it." Sir, with due respect, I would like to submit that for a horse race, the horses are taken from Bombay to Pune, Pune to Delhi and Delhi to Calcutta and from Ooty to Madras. In the same way, cricket players are taken to Sharjah, Australia, London, India and other places. They are allowed to enjoy. In a horse race, the jockey will pull the rein when it is likely to touch the point. Here also there are some other persons who are called bookies. In this case, we would like to know as to who is the horse they want to pull because it wants to bring a victory. Who is the bookie that wants to pull the rein? Who is this bookie that is responsible for this? We would like to ascertain this from the hon. Minister. Now, coming to clarifications, I would like to say that if an FIR has been registered, it is well and good. We would like to know whether it has been registered under such a bad section. ...*(Interruptions)*.. In Tamil Nadu it is not a good number. ..*(Interruptions)*.. I think he knows better. ...*(Interruptions)*...So, I would like to know under which provision of the law you have registered the FIR. The hon. Minister must mention the provision of law under which the FIR in this case has been registered. They definitely cannot register an FIR under section 420 read with section 120 and section 34 of the Indian Penal Code. This case does not come under this section. It also does not come under the Gambling Act because in Madras it is a different Gambling Act, in Pondicherry it is a different Gambling Act, in other places it is a different Gambling Act. So, under which provisions of the law is the Government going to have investigations in this case? This has not been clarified in the statement. But, I would like to say that the Government in all seriousness should take initiatives and necessary legal measures against the practice of match-fixing on the basis of the complaints that may be received after a proper inquiry. If the Government wants to take action, I would like to say that the Government *suo motu* can take action in this regard. An FIR can be resisted and an inquiry can be made. There are a lot of allegations in the papers. You also ascertain whether Mr.Cronje has made that statement. Then, you make an investigation, register an FIR

suo-motu and make an enquiry into the matter and place it on the Table of the House. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI): Mr. Rajeev Shukla. He assured that he would give constructive suggestions being a Member of the Board.

श्री राजीव शुक्ला (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, बहुत छोटा सा क्लेरिफिकेशन मंत्री जी से लेना है कि क्या गवर्नमेंट ने सी०बी०आई० या कोई इंवेस्टिगेटिंग एजेंसी से जांच कराने का फैसला कर लिया है? अगर कर लिया है तो किस बात की जांच कराने का फैसला किया है? चन्द्रचूढ़ रिपोर्ट ने क्लीन चिट दे दी, मंत्री जी ने अपने स्टेटमेंट में क्लीन चिट दे दी कि किसी इंडियन प्लेयर्स या किसी के खिलाफ अभी तक कुछ पता नहीं चला है। पकड़ा गया है केवल साउथ अफ्रीका में और साउथ अफ्रीकन प्लेयर्स पकड़ गए हैं, हाय तौबा यहां चल रही है इतनी जोर से कि यहां कोई पकड़ लिया गया है। सी०बी०आई० इंक्वायरी करो, बोर्ड की इंक्वायरी करो। बिल्कुल इंक्वायरी होनी चाहिए। लेकिन किस बात की इंक्वायरी, पहले पता चले कि इंक्वायरी किस चीज की, कौन से एलीगेशन की होने वाली है? उपसभाध्यक्ष जी, एक बात आई है कि एक पत्रिका में मुम्बई पुलिस की कुछ टेप्स को लेकर छपा है जिसमें कुछ प्लेयर्स ने बुकिश से बात की, पैसे लिए और क्या-क्या किया, ऐसे करके कहा जा रहा है। तो क्या उसकी इंक्वायरी कराने की बात है? अगर उसकी इंक्वायरी कराने की बात है तो बिल्कुल स्वागत है, जरूर करानी चाहिए। मि० बिन्द्रा ने जो स्टेटमेंट दिया है उनका एक स्टेटमेंट तो बहुत जनरल है कि जगमोहन डालमिया माफिया से जुड़े हुए हैं। इस पर इंक्वायरी कराने की कोई जरूरत नहीं है मेरे ख्याल से। उनके दो महत्वपूर्ण स्टेटमेंट हैं जिनके लिए मंत्री जी उस एजेंसी से कह सकते हैं कि उनसे वह पूछें और वह भी उन्हें जवाब दें। उन्होंने यह भी कहा है कि जब वह बोर्ड के प्रेजीडेंट थे, तो तीन प्लेयर्स बैटिंग कर रहे थे और उन तीनों को उन्होंने कमरे में बुलाकर डांटा कि यह तुमने क्यों किया? उन्होंने कहा कि सर, हम आपस में बैटिंग कर रहे थे और हम इंग्लैण्ड में कर रहे थे, यहां तो बैटिंग एलाउड है इसलिए हमें करने में कोई ऐतराज नहीं है। उन्होंने उनसे कहा कि अगर इस तरह की भावना तुम्हारे अंदर आएगी तो यह गलत बात है, तुमको बैटिंग नहीं करनी चाहिए। इस के बाद उनसे इन तीनों प्लेयर्स के नाम बताने को कहा गया। उन्होंने कहा कि उनके नाम नहीं लेंगे, क्योंकि वह बेचारे बाद में मान गए, दोबारा उन्होंने कभी नहीं किया। उनसे उन तीनों प्लेयर्स के बारे में पूछा जाना चाहिए। आपको मैं बताऊं कि मैं भी क्रिकेट में थोड़ा बहुत रहा हूं। क्रिकेट में जो भी मैच फिक्सिंग और बेटिंग है इसमें सिर्फ प्लेयर्स इंवोल्व हैं,

इसमें एडमिनिस्ट्रेटर और बोर्ड के लोगों की कोई सम्बद्धता नहीं हो सकती क्योंकि कोई अपना मुफ्त का पैसा इनको कभी नहीं देगा, वह सीधे प्लेयर्स से कांटेक्ट करता है। सारे प्लेयर्स अब इतने डिमोर्लाइज्ड हैं कि पूछो मत, क्योंकि अब सब पर एलीगेशन लग रहा है। जैसा नरेन्द्र मोहन जी ने कहा है कि कोई जांच कमेटी पहले बन जाए, वह जांच करे और उस पर दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए। बिन्द्रा जी ने एक दूसरी बात और कही है। पाकिस्तान के क्रिकेट बोर्ड के सेक्रेटरी ने शारजाह में आकर उनको बताया, जब एक मैच 1997 में चल रहा था, कि आपकी टीम 200 रनों से नीचे आउट हो जाएगी और चार इंडियन प्लेयर्स रन आउट होंगे। उन चारों प्लेयर्स के उन्होंने मि० बिन्द्रा को नाम भी दिए। उसके बाद वही हुआ और इंडियन टीम 200 से नीचे आउट हुई और वह चारों प्लेयर्स रन आउट हुए। जैसा मंत्री जी कह रहे हैं कि एजेंसी जांच करेगी तो उन चारों के नाम मि० बिन्द्रा से पूछे जाएंगे। इन्हीं दो बिन्दुओं पर अगर काम हो जाएगा तो तीन प्लेयर वह पकड़े जाएंगे और चार प्लेयर वह पकड़े जाएंगे तो इस तरह सात प्लेयर्स पकड़े जाएंगे। या हो सकता है कि तीन उनमें कॉमन हों जो उस समय बैटिंग कर रहे थे। अगर उन पर जांच कराएं तब तो ठीक है । बाकी बी०सी०सी०आई० पर कमेटी बैठाएं, जो और तमाम संस्थान हैं सरकार के हाथ में उनकी ऑलरेडी आलोचना हो रही है कि वहां सत्यानाश हो रहा है। क्या होने वाला है? मैं नहीं समझता कि कोई अच्छा रिजल्ट निकलेगा। स्पेसिफिक एलीगेशन की अगर इंक्वायरी कराई जाए जो आउटलुक मेग्जीन ने जो दिया है मुम्बई पुलिस के हवाले से, वह भी आएगा। दूसरा, मि० बिन्द्रा के दो स्टेटमेंट हैं, वह तीन प्लेयर्स वाला और दूसरा चार प्लेयर्स वाला शारजहां का, मनोज प्रभाकर भी कोई नाम नहीं दे रहे हैं। चन्द्रचूड़ ने उनसे बहुत पूछा लेकिन उन्होंने कोई नाम नहीं दिया। तो मनोज प्रभाकर को जितनी पुलिस देनी है वह दे दें, बिन्द्रा साहब को भी पुलिस ढिंडसा साहब प्रोवाइड करा दें। उनसे नाम जरूर लिए जाएं। वरना क्या हो रहा है कि सारे प्लेयर्स, पूरी क्रिकेट कम्युनिटी सब को शक के घेरे में रखा जा रहा है, जो सबसे गलत बात है। इसलिए मंत्री जी इसको क्लेरिफाई करें तो बहुत अच्छा होगा।

SHRI M. VENKAIAH NAIDU (Karnataka): Madam Deputy Chairman, I am neither a cricketer nor a cricket fan. I don't have that much time also. Like many other people in the country, I also have many other important things to do. But I feel, whether we like it or not, cricket has become...

AN HON. MEMBER: A mania.

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: ...a mania, or a weakness, or whatever it is, of the country and also of the world. *(Interruptions)* They are

playing; others are watching! So, I fully agree with Shri Suresh Kalmadi that a major operation is required. Secondly, the Government should not lose further time in ordering a CBI inquiry. The CBI, in turn, should get in touch with the Interpol and then it should try to take this inquiry to its logical conclusion. Thirdly, I am not in agreement with some of the Members who said that हो सकता है कि इंडियन भी इसमें हों। Using this forum and making some general comments, without a firm information, will affect the morale of the players. Sir, whoever does it - the name of this South African chap has been mentioned - I can say one thing and that is, the Delhi Police or the Bombay Police have done a yeoman's service to the cause of this game and to the people, in general, because they have brought out the truth. This is more than an anti-national activity. If the South Africans are really sensitive, they must feel unhappy about their players getting involved, instead of getting into this controversy that the Indians have revealed it, the Delhi Police have unearthed it, and so on. After all, anybody doing this is doing a disservice not only to his country but to the entire cricket fraternity. That being the case, I feel that we should not jump to conclusions. My friend, Rajiv Shuklaji, was mentioning it. I am at a loss to understand this. Prabhakar did not reveal anything. Now, he is asking for protection. Bindraji did not reveal anything. Now, he is asking for protection. What is happening? Why have the things been kept secret so far? There was an inquiry commission. Nothing was given to the inquiry commission. Mr. Bindra had also held important positions - I don't know much about him - and now his is making serious allegations. The entire atmosphere is getting vitiated and unnecessary controversies are coming up. So, I would like to know about this from the Government. Of course, they have said that they are ready for any sort of inquiry ...*(Interruptions)*... Sir, I would like to know from the ...*(Interruptions)*... Sir, my only suggestion to all, including the media and the people outside who are getting involved in this controversy, is not to make any allegations against anybody, without any definite information. We are not doing any service to anybody by making these allegations. So, all these aspects that have been mentioned by various Members can be inquired into. आप गवर्नमैंट से पूछ रहे हैं बी.सी.सी.आई. के ऊपर एक्शन लेंगे तो कुछ होगा ही नहीं। That also is known to everybody. And, as he rightly said, if at all anybody takes part in this betting or gambling, in this heinous crime, it is not possible, without the cooperation of the players. But now it has happened in such a way that an Indian middleman is involved - his conversation has been taped and

the Police has the taped scripts of the conversation - and there is some basis. The Police have really done a good job. They should be complimented. They should be congratulated. They have done a service to the entire cricket fraternity in the world. I can say that. Instead of trying to find fault with them, we should really compliment them.

SHRI SANTOSH BAGRODIA (Rajasthan) : Thank you, Mr. Vice-Chairman. Sir, to begin with, I would like to salute the Delhi Police. I am a cricket enthusiast, not like Shri Venkaiah Naidu. I have plenty of time because we are not in the Government. I do not have any work. My entire family is having a lot of interest in cricket. But, now, I feel, after this episode, nobody wants to see a cricket match. I hate to go to see the matches. I do not want to see a drama. I go to see a match. I am a cricketer myself. I am a sportsman myself. I play every game; political and otherwise. But they are all played with some rules. They are not played for cheating. When the Government says in the statement that, at this stage, it does not have any specific complaint against any particular Indian cricketer or against any office-bearers of the Board of Control for Cricket in India, I am amazed. Why? Because, if there is a case of some kind of cheating against an ordinary policeman, the CBI comes into the picture. Even in the case of one individual, it is done. But, here, where a lot of allegations have been made and where lakhs and lakhs of people, poor countrymen, and crores and crores of rupees, are involved, the Government is saying that they want a proof. Your Government has said that all defence deals from 1985 onwards will be investigated. Do they have any evidence? Has anybody lodged an FIR? You can go to any extent, for political reasons, but when the issue of helping the poor people, helping the sportsmen comes in, you want a proof. When the question of having a good game, either cricket or football or any other game, arises, you want to sit quiet. You are saying that you can't have an inquiry. My friend, Mr. Shukla, has said that the players are demoralised. Yes; the players are demoralised because nobody knows as to what is happening. Why not have an inquiry? Let us find out the whole thing. जैसे हिन्दी में कहते हैं, "दूध का दूध और पानी का पानी ।" If somebody has done any mischief, he has to be taken to task. The law has to take its own course. Why are you sitting idle? Mr. Minister, like the Delhi Police, the entire world will salute the country, if you go in for a CBI inquiry, or whatever inquiry you may feel right. There are no wild allegations. It is not only Mr. Bindhra or Mr. Manoj Prabhakar, who have made wild allegations, but somebody else

will also make wild allegations. We have to meet them. As my friend has said, the CBI, or whatever agency you may feel right, should be asked to enquire into this to bring out the right results. We want to know the level of sports in the country. Forget about what is happening in South Africa or as to what they are doing. Forget about what other players are doing. At least, we want to know what is happening in our own country. Can we do it, without having a proper inquiry? Mr. Vice-Chairman, Sir, there is a news about Ranga Billa. Whenever the names of Ranga Billa come, we think of the Chopra children. There is a lot of problem in the country. Why don't you contact Ranga Billa and find out as to what is happening. They have details as to how the bookies are operating. Similarly, Sir, the news is, "There is too much at stake in cricket. Cricket is the golden goose, laying diamonds, platinum and other forms of eggs." Do you want this stake to continue? The beneficiaries will only be the unscrupulous elements, who cheat people. Or, on the other hand, if at all you want these eggs, they should be used for the benefit of the country. Sir, today, the news says, "What to talk of one-dayers, even veteran ties are fixed? What is happening? Even veteran ties are fixed. You do not want to trust any newspapers, you do not want to trust Mr. Manoj Prabhakar, you do not want to trust the police. Whom do you want to trust? You can ask the CVC. It can find out as to how an inquiry can be conducted into it. Sir, I want that a serious inquiry should be made. Thank you.

श्री खान गुफ़रान ज़ाहिदी (उत्तर प्रदेश): सर, आपने मुझे मौका दिया, इसके लिए बहुत-बहुत शुक्रिया । मैंने स्टेटमेंट पढ़ा । स्टेटमेंट पढ़ने में लगता है कि बहुत ज्यादा जानदार नहीं है, बहुत बेजान स्टेटमेंट है, क्रिकेट को बेजान बनाने की एक और कोशिश है। जार्ज बर्नाड शॉ ने एक बार कहा था जब वे लंदन गये थे, पांच दिन का कोई टैस्ट मैच हो रहा था, सुबह से लेकर शाम तक वह मैच चला । उन्होंने अपनी कमेंटरी में लिखा कि-

"Cricket is a game of fools. Bigger are those who see it, and still bigger are those who listen to the commentary."

ग्लोरियस अनसर्टेनिटी का यह गेम, कोई यह नहीं कह सकता कि मैं सौ रन बना लूंगा, कोई यह नहीं कह सकता कि मैं पांच मिनट में वापस आ जाऊंगा, कोई यह नहीं कह सकता कि मैं छः कैच लूंगा या यह कर लूंगा। हॉकी मेहनत-मशक्कत और जोश-खरोश के साथ खेली जाती है और जब टीम वर्क हो जाता है तब गोल होता है। इसमें हर इनडिविज़ुअल प्लेयर के साथ उसकी एक अलग नफ़सियात होती है। वह नेशनल टीम में किस मुश्किल से आता है और कैसे वह चलता है, इसको ज़रा सोचने की

ज़रूरत है। कितना ज़बरदस्त कंपीटीशन है पूरे हिंदुस्तान में नेशनल टीम में आने के लिए। फिर जब कभी कोई टीम हारती है तो वह रीस्ट्रक्चर की जाती है और उस रीस्ट्रक्चरिंग में बहुत सारे लोग ड्रॉप कर दिए जाते हैं । हमारे माननीय सदस्य इस बात को महसूस करते होंगे कि उसमें कोई भी किसी पर इलज़ाम लगा सकता है। फैक्ट्स कहां हैं? बेटिंग और मैच फिक्सिंग दो अलग आइटम हैं। बेटिंग को कोई नहीं रोक सकता। मैं आप ही से बेट कर लेता कि आज आप इस चेयर पर बैठेंगे या नहीं बैठेंगे। मुझे तो नहीं मालूम और मैं तो हार जाता आज, पांच रुपए हार जाता। यही होता है। आज से नहीं, एक अर्से से हमारे यहां बेटिंग चली आ रही है। पहले कुश्ती हुआ करती थी। आज वर्ल्ड फेडरेशन की कुश्तियां होती हैं लेकिन उस ज़माने में भी नूरा कुश्ती हुआ करती थी। शायद हमारे मंत्री जी जानते होंगे, पंजाब में बड़ी कुश्तियां होती हैं और वहां नूरा कुश्ती का बड़ा दस्तूर है । जो हारता है, उसको ज्यादा पैसे मिल जाते हैं। कोई वक़ार के लिए लड़ता है और कोई पैसे के लिए लड़ता है। तो जब नेशनल टीम में आ जाते हैं तो यह हो सकता है कि कुछ प्लेयर्स ऐसा करते हों जैसा कि हमारे एक साथी ने कहा। हो सकता है कि बाहर बेटिंग बहुत ज़बरदस्त पैमाने पर होती हो। गैम्बलिंग का बहुत पुराना दस्तूर है। हर सूबे में गैम्बलिंग के अलग-अलग कानून हैं और हर सूबे में गैम्बलिंग हो रही है। मुझे कहना यह है कि आज हमारी पूरी टीम डीमॉरेलाइज्ड है। प्रत्येक खिलाड़ी डीमॉरेलाइज्ड है और जब कोई आऊट होगा तो जिस पर चाहे उंगली उठा दीजिएगा। इसलिए सब पर एक ही बात लागू करना ठीक नहीं है। जब मुकदमा दायर होता है, उस समय हर बात जो कही जाती है, उसको सब्सटैंशिएट किया जाता है। हमें यह कहना है कि सी.बी.आई. बहुत बड़ी एजेंसी है, उसमें बहुत से मुकदमे चल रहे हैं। बहुत से मुकदमे चले हैं और बहुत से मुकदमे छूट गए। बड़े-बड़े नाम यहां आए, तीन-तीन, चार-चार दिनों तक खूब बहस हुई और उन पर मुकदमे भी चले और सब छूट गए लेकिन यह एक ऐसा केस है जिसको दिल्ली पुलिस ने पकड़ा है और बाहर के एक मुल्क की टीम के कप्तान ने खुद इसको एग्री भी कर लिया है तो इस मामले को...मैं फिर कह रहा हूं आपसे कि पूरी टीम को डीमॉरेलाइज़ मत कीजिए, पूरे मुल्क को डीमॉरेलाइज़ मत कीजिए । इससे नेशनल कैरेक्टर पर बहुत बड़ा धब्बा लगेगा अगर आपने सही अंदाज़ से इसकी इनक्वॉयरी नहीं की । मैं आपसे सिर्फ इतनी गुज़ारिश कर रहा हूं कि जो कुछ भी प्रोब करना है, जैसा कि हमारे साथियों ने कहा, उसको इंतहाई खामोशी के साथ बैठकर करिए और इस तरह करिए कि चीज़ पकड़ में भी आ जाए और जब खुले तो कुछ ही लोगों तक सीमित रहे । पूरी टीम को, पूरे मुल्क को डीमॉरेलाइज़ मत कीजिए। इस तरह का कोई काम नहीं होना चाहिए जिससे कि हम सिर झुकाकर चलें। शुक्रिया ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI): The last Member seeking clarifications, Shri Virumbi.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu) : Mr. Vice-Chairman, Sir, I want to know whether this episode is going to be inquired into in an isolated manner or there will be a comprehensive inquiry. Some time ago, we have been told that when our own players were playing in the Middle East and five wickets were lost one after another, at that time, it was reported that one, Sunil Gavaskar, made a statement that some message was received from a dressing room. None else but the Captain or the Coach used to give messages to the players on the ground. Is it a fact that the message there was received not from the Captain or from the Coach but from a dressing room? Was such a statement made in the media by Sunil Gavaskar? If so, I want to know whether it has been inquired into previously by the Government. If not, I want to know whether this statement will also be included in the inquiry to find out whether there is any nexus, whether it is a continuous process-- that is, the crime is a continuous process--and whether there is any cartel in this field. I want to know these things from the hon. Minister.

श्री सुखदेव सिंह ढिंडसा: सर, मेरी स्टेटमेंट के बाद इस हाउस के बहुत ही काबिल और पुराने मेम्बर्स ने जो बातें कहीं हैं, वे एक दूसरे से मेल नहीं खाती हैं। सिब्बल साहब बहुत बड़े वकील हैं। वे कह रहे थे कि अगर इसमें पड़ गए तो आप कभी जीत ही नहीं सकोगे, खत्म हो जाओगे, ये क्यों कर रहे हो, होना ही नहीं चाहिए था। श्री सेनगुप्त जी कह रहे थे कि इतनी देर क्यों लगा दी? आपने सीबीआई की इन्क्वायरी क्यों नहीं कराई, अभी तक क्या देख रहे हो? गवर्नमेंट तमाशा देख रही है। ऐसी ही कई बातें और मेम्बर्स ने भी कही हैं। जिस दिन यह पेपर्स में आया, मैं यहां पर मौजूद नहीं था, चंडीगढ़ में था, पंजाब में था। अगले ही दिन आकर मैंने सारी संबंधित एजेंसीज की मीटिंग बुलाई, जिसमें दिल्ली पुलिस भी थी, मेरा डिपार्टमेंट भी था, मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स भी थी और मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटर्नल अफेयर्स भी थी। हमने डिसकशन किया और दिल्ली पुलिस से सारी रिपोर्ट्स ली। हमें दिल्ली पुलिस की रिपोर्ट्स पर तसल्ली हुई। जो ठीक लाइन पर काम कर रहे हैं, उनके पास सबूत भी हैं। उस वक्त टेप भी नहीं आई थी, मीटिंग के बाद आई थी। लोगों में शंका पैदा हो रही थी इसलिए मैंने कहा कि टेप को मीडिया में दे दीजिए और बताइए कि इस टेप में क्या है ताकि लोगों को यह बात समझ में आए कि यह कोई फेब्रीकेटिड केस नहीं है। सिब्बल साहब कह रहे हैं कि उन्होंने किसी से मंजूरी नहीं

ली। मैं तो एडवोकेट नहीं हूं, मेरा ख्याल है पुलिस को इसके लिए किसी की इजाजत लेने की जरूरत नहीं थी। उनके अधिकार में है कि वे केस रजिस्टर्ड कर सकें क्योंकि उनके पास सबूत था। इसलिए हमने उससे शुरू करवाया। यदि उस वक्त हम उसके अलावा कोई और इंक्वायरी शुरु करवाते तो लोग कहते कि सरकार इस इंक्वायरी में कोई अड़चन पैदा करना चाहती है इसलिए इसमें कोई और एजेंसी लगा दी। हम उनको पूरा टाइम देना चाहते थे। यह नहीं कि हमने सब पुलिस पर छोड़ दिया और हम अपने घर में बैठ गए, ऐसा नहीं था। दिल्ली पुलिस ने बहुत अच्छा काम किया है। हमारे हाउस में और लोक सभा में उसकी तारीफ हुई है। जब 27 तारीख को मीटिंग होने जा रही थी तो कई मेम्बर्स ने कहा कि मीटिंग करने से क्या होगा। हमने मीटिंग में क्रिकेट से जो लोग जुड़े हुए थे या जुड़े हुए हैं सभी को बुलाया था। चाहे वे बीसीसीआई टीम के कैप्टन हो, मैनेजर हों, प्रेजीडेंट हो या सैक्रेटरी हों और जो तत्काल तीन लोग रिटायर हुए थे, सभी बुलाया था। यहीं नहीं जो खिलाड़ी और एडमिनिस्ट्रेटर भी रहे थे, वे भी बुलाए थे जिनमें नवाब पटौदी भी हैं.... गावस्कर हैं और इसी तरह से एडमिनिस्ट्रेटर जोशी जी बैठे हैं, सिंधिया जी प्रेसीडेंट रहे हैं, वह भी बुलाए हैं, कीर्ति आजाद मेंबर पार्लियामेंट हैं वे भी बुलाए गए हैं, जेटली साहब जो दिल्ली के प्रेसीडेंट है, उन्हें भी बुलाया है । ऐसे लोगों को बुलाया है जिनको इस गेम की जानकारी भी है और जो इसके साथ बहुत अर्से से जुड़े हुए हैं । इनकी हमने 27 तारीख को मीटिंग बुलायी है । इसीलिए अभी तक कोई फैसला नहीं किया गया। इस मीटिंग से पहले और दूसरा मुझे मालूम था कि 17 तारीख को पार्लियामेंट का सेशन शुरू होने वाला है, इसलिए पार्लियामेंट में भी इस पर डिसकशन होगा और पार्लियामेंट में मेंबरों के क्या व्यू होते हैं वे हमारे पास आ जायेंगे, जब सारे डिसकशन का खुलासा हमारे पास आ जाएगा, उसके बाद 27 तारीख को जो इससे वाबस्ता रहे हैं या अब हैं, उनके साथ एक मीटिंग करके उनके साथ डिसकशन करेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि सारा मुल्क बहुत ही शर्मिंदगी महसूस कर रहा है। हालांकि अभी यह प्रूव नहीं हुआ है लेकिन लोगों को चिंता भी है और शर्मिन्दगी भी लोग महसूस कर रहे हैं। यह बहुत बुरी बात है। अभी बागड़ोदिया जी ने जैसे कहा कि यह लोगों के साथ धोखा है। हालांकि अभी यह प्रूव नहीं हुआ है लेकिन ऐसी बातें आई हैं जिनसे लोगों को दुख हुआ है। लेकिन हर मैच फिक्स होता है ऐसी बात हम नहीं मान सकते। ...**(व्यवधान)**... यह इसलिए है और आप भी मीडिया में पढ़ते हैं कि लोग कहते हैं कि हमारे साथ धोखा हुआ है । आप भी मीडिया के आदमी हैं । मीडिया में यह सब आ रहा है और यहां पर यही आनरेबल मेंबर कह रहे हैं । यह भी हमारे लिए बड़ी शर्मनाक बात है कि जो बुकीज के नाम आ रहे हैं वे सब हिन्दुस्तानी हैं । एन०आर०आई० हैं और हिन्दुस्तान में पैदा हुए हैं, बुकीज सब

इंडियन हैं । हम यह नहीं चाहते हैं पहले ही हर बात का क्रिटिसिज्म हो । हम नहीं चाहते थे कि पार्लियामेंट के सेशन से पहले कोई फैसला करें । इस पर सरकार ने अभी तक कोई अपना मत नहीं बनाया है कि इस मामले को सी०बी०आई० को दिया जाए या किसे दिया जाए। मैंने जब लोकसभा में स्टेटमेंट दी और उस पर जब डिसकशन हुआ तो वहां कहा गया कि अगर सी०बी०आई० को दोगे तो यह दस साल तक भी नहीं पूरा होगा, कोई और तरीका निकालो। इन सब बातों पर डिसकशन 27 तारीख को होने जा रहा है । हम सोचते हैं कि किसी भी गवर्नमेंट एजेंसी से इसकी इंक्वायरी कराई जा सकती है, जिसमें सी०बी०आई० भी इन्क्लूड है। इसीलिए मैं स्पेसिफिकसली सी०बी०आई नहीं कह रहा हूं । कई लोगों का सोचना है कि सी०बी०आई शायद इसको कर भी न सके क्योंकि उसके पास बहुत काम है। मैंने होम मिनिस्टर साहब से बात की कि कल वे कह सकते हैं कि हमारे पास इतना काम है। रोज ही उनके पास कई छोटे बड़े केस आ जाते हैं। जब भी कोई बात होती है तो मांग की जाती है कि इस केस को सी०बी०आई० को दे दो । हम यह नहीं कहते हैं कि हम इस मामले को सी०बी०आई० को नहीं देंगे लेकिन 27 तारीख की मीटिंग के बाद गवर्नमेंट इस पर पूरी तरह से सोच विचार करके यह फैसला लेगी कि इसकी इन्क्वायरी किससे करायें। यहां पर मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारा कोई भी इरादा किसी एसोसिएशन या किसी फैडरेशन पर कब्जा करने का नहीं है । ये आटोनामस बाडी हैं हमारा ऐसा कोई इरादा नहीं है। अभी यहां पर एक माननीय सदस्य ने कहा इसका टोटल ओवरहाल किया जाए। लेकिन यह आटोनामस बाडी है, और हमारे पास कोई हथियार नहीं है जो हम इसको बिल्कुल ओवरहाल कर दें। इस बारे में सरकार जो महसूस करेगी कि हिन्दुस्तान के लोग और हमारी पार्लियामेंट क्या चाहती है, उनके क्या जज्बात हैं, इसको मद्देनजर रखते हुए सरकार इन्क्वायरी भी कराएगी और अगर जरूरत पड़ेगी तो ऐक्शन भी लेगी। दूसरी बात यह है कि किसी आनरेबल मैम्बर ने यह कहा कि बी०सी०सी०आई० के पास पैसे बहुत हो गये हैं और उनका मिसयूज़ हो रहा है । कोई मेरे पास आए, उन्होंने कहा कि 65 लाख रुपये सिर्फ एक साल में छः-आठ मीटिंग्ज़ में खर्च किये हैं। लेकिन प्लेयर्स की इम्प्रूवमेंट के लिए सिर्फ 16 लाख रुपये खर्च किये गये। सब तरह की बातें आ रही हैं। पी०आई०एल० भी हाई कोर्ट में दाखिल हुई है। यह सब किसी के कहने से हम नहीं मान सकते हैं, जब तक साबित न हो जाए, हम नहीं मान सकते हैं। लेकिन पैसा जरूर है। सिंधिया साहब ने भी लोक सभा में कहा और उस हाऊस ने एक्सेप्ट भी किया कि कोई लिमिट रख दी जाए चाहे कोई भी फेडरेशन या एसोसियेशन हो जितना उनके पास पैसा आ जाए उसके ऊपर अगर आ जाए तो उस पैसे को उसी गेम के लिए या किसी दूसरी गेम के लिए जिससे उम्मीदें है, जिसको कोई पैसा देने के लिए तैयार नहीं

है, उस पर खर्च किया जाए। जैसे हॉकी की बात हुई, हमारे यहां टेनिस के बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं, उनसे बहुत उम्मीदें हैं। लेडीज़ वेट लिफ्टिंग से हमें बहुत उम्मीदें हैं। वह ओलम्पिक्स में कुछ कर सकती हैं। ऐसे और गेम्स हैं, उन पर क्यों नहीं खर्च किया जाता है । यह मैंने लोक सभा में भी कहा और अपने स्टेटमेंट में भी कहा कि इसमें दोषी हम सब हिन्दुस्तानी भी हैं। क्यों हैं? क्रिकेट का गेम ऐसा गेम है जिसको सारे हिन्दुस्तान ने सिर पर उठा लिया। दूसरे गेम जैसे हॉकी है इसमें हमने इतने गोल्ड मेडल जीते हैं । ठीक है कुछ देर के लिए हॉकी पीछे रह गई थी। इस बार फोर नेशंस टूर्नामेंट जीत कर आए हैं । अगर जीत कर आएं फिर भी कोई नहीं पूछता है और अगर हार कर आ जाएं तो उसको गाली निकालेंगे। क्रिकेट की टीम जीत कर आ जाए या हार कर आए तो हीरो। नेचुरली अगर ऐसी स्थिति हो जाए, कोई भी उनकी जगह हो, ऐसे ही बिहेव करेगा । मैं भी हूं और आप भी हैं, आप देख लीजिये। उनको किसी ने पूछना ही नहीं है अगर वह हार भी गये फिर भी हीरो । जिसको तीन लाख रुपये एक मिनट का किसी बिजनेस हाऊस ने देना हो उसको पांच लाख रुपये कर देते हैं, हार कर भी आ गए या दो रन भी नहीं बनाए हैं।...**(व्यवधान)**

श्री दीपांकर मुखर्जी (पश्चिमी बंगाल) : यह मार्किट इकोनोमी है। .**(व्यवधान)**

श्री सुखदेव सिंह ढिंडसा : इसलिए सब कुछ सरकार देख रही है, सब पहलुओं पर विचार कर रही है । 27 तारीख को मीटिंग के बाद हमें अगर जरूरत पड़ी तो आपके पास भी आएंगे और गवर्नमेंट अपने आप भी जो मुनासिब समझेगी, वह कार्यवाही कर सकती है और करेंगे। इसलिए आपको यकीन दिलाना चाहता हूं कि गवर्नमेंट इस पर बहुत सीरियस है और कोई भी लीनियेंट व्यु नहीं ले रही है। इससे बहुत चिंतित भी है और इसका पूरा इलाज कैसे हो सकता है, इस पर भी सोच रही है । ठीक है सिब्बल साहब जैसे वकील बैठे हैं शायद कोर्ट आफ लॉ में हम कामयाबी न ले सकें लेकिन कोशिश करेंगे और सच्चाई को सच्चाई और दूध का दूध, पानी का पानी जैसे कि बागड़ोदिया जी ने कहा, सामने लाएंगे। दूसरी बात स्टेटमेंट की है। मैंने अपने स्टेटमेंट में भी लिखा है कि अगर कोई भी किसी भी चीज को साबित करना चाहे, किसी का नाम लेना चाहें, और किसी किस्म की सिक्युरिटी चाहे तो गवर्नमेंट की ड्यूटी है मैंने कहा कि We are ready to give them any security. चाहे कोई भी चाहता हो, चाहे मनोज प्रभाकर जी हों, चाहे बिंदरा साहब हों, कोई भी हो, हमें इससे कोई मतलब नहीं कि कौन है, कौन नहीं, अगर बी०सी०सी०आई० कहता है कि हमें भी सिक्युरिटी की जरूरत है तो सरकार का फर्ज है । अगर कोई होम मिनिस्टरी के पास आया हो तो मैं नहीं कह सकता लेकिन कम से कम मेरे

पास अभी तक किसी भी तरफ से कोई इन्सान नहीं आया जिसने किसी किस्म की सिक्युरिटी मांगी हो । जब मांगेंगे तो हम सिक्युरिटी भी देंगे ।

दूसरी बात सिब्बल साहब ने कही, कैसे होगा। वह तो दिल्ली पुलिस कह रही है कि हमने इंटरपोल को भी एप्रोच किया है। उसके थ्रू भी जो करने वाले हैं वह कर रहे हैं। वह तो ला विल टेक इट्स ओन कोर्स। इसमें हम कुछ ऐसा नहीं कह सकते हैं। वह तो कानून की बात है। क्या होता है, कैसे होता है वह तो दिल्ली पुलिस कर रही है और वे ही बता सकते हैं। उसको अभी इसमें लाना भी नहीं चाहिए। इसलिए मैं सब मेम्बर्स का बहुत आभारी हूं कि जिन्होंने कन्सर्न भी शो किया और मुझे कुछ सजेसंस भी दिए। मैं उनकी सभी सजेसन्स को मद्देनजर रखूंगा जब हम 27 तारीख को डिसकस करेंगे। थैंक्यू वेरी मच।

SHRI VAYALAR RAVI (Kerala) : Sir, what about the other statement?

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : अभी बताता हूं ...**(व्यवधान)** अब आपका क्या है? ...**(व्यवधान)**

श्री ब्रतीन सेनगुप्त (पश्चिम बंगाल): मंत्री जी 27 को आपकी जो मीटिंग हो रही है उसमें सी.बी.आई. की इन्क्वायरी से ज्यादा मजबूत और कोई इन्क्वायरी अगर आप कर सकते हैं तो ठीक है, बहुत अच्छी बात है। लेकिन कम से कम सी.बी.आई. इन्क्वायरी 27 की मीटिंग से होगी कि नहीं यह आप बताएंगे कि नहीं, नम्बर एक। दूसरा है The Government should not dilute the case.

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : दुबारा स्पष्टीकरण मत पूछिए।

SHRI BRATIN SENGUPTA: The Government should not dilute the case.

श्री सुखदेव सिंह ढिंडसा : इसमें यही है कि गवर्नमेंट एजेंसी कोई भी इसमें इंक्लूडिंग है।

श्री ब्रतीन सेनगुप्त : कम से कम सी.बी.आई.। उससे ज्यादा हो तो ठीक है You should not dilute the case by saying that every match is fixed.ऐसा कुछ बोले नहीं हैं There have been specific allegations of match fixing in certain cases.यह नहीं है कि हाकी का मैच कोई भी हार जाएगा तो कह देंगे मैच फिक्सिंग हुई थी। मैच में कोई न कोई तो हारेगा ही This is not such a simple case. It should not be diluted like that. This is a specific case of match- fixing against certain matches. उसको डाइल्यूट नहीं करना चाहिए कि हर मैच में ऐसा हो सकता है।

SHRI KAPIL SIBAL: Actually, the sense of the House is that every cricketer should not be painted with the same brush. Let the dignity of the game be maintained and the confidence of the public in the game be maintained. If you have strong proofs, specific proofs, against individuals, prosecute them by all means and vindicate the law. That is what we want and that is the sense of the House.

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : माननीय कृषि मंत्री श्री सुंदर लाल पटवा दूसरे सदन में सूखे पर हो रही बहस में व्यस्त होने की वजह से .....

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI O. RAJAGOPAL). Sir, the hon. Minister is now busy in the Lok Sabha, where the drought situation is being discussed. He has suggested that it can be taken up tomorrow.

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : कल वक्तव्य हो जाने दीजिए

SHRI VAYALAR RAVI: No, no. Where is the statement? You could have placed it on the Table of the House.

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी): नहीं, नहीं, जो संबंधित मंत्री हैं वे ही मौजूद नहीं हैं तो उनका वक्तव्य कैसे होगा। उनकी सूचना यह आई है कि सूखे पर लोक सभा में बहस चल रही है इसलिए वे यहां आकर वक्तव्य देने की स्थिति में नहीं हैं।

SHRI VAYALAR RAVI: Does he have no other Minister with him?

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी): ठीक है वह वक्तव्य कल सदन में हो जाएगा।

अब सदन की कार्यवाही कल मंगलवार 25 अप्रैल, 2000 को प्रातः 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

The House then adjourned at fifty three minutes past six of the clock, till eleven of the clock, on Tuesday, the 25th April, 2000.

MGIPRRND—208 RSS/2000—300 Copies.